एक नजर में

आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

राजगढ़ 20 मई, का. म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित योजनाएँ भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना दोनो योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के युवक/युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु बैंक के सहयोग से एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत उद्योग (विनिर्माण) के लिए 1 लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग इसी प्रकार की अन्य सभी प्रकार की परियोजनाएं. सेवा एवं खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख रूपये से 25 लाख रूपये तक जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फूटवेयर मरम्मत, होटल, ढाबा, मोबाईल रिपेरिंग, किराना व्यवसाय, कपडा व्यवसाय एवं अन्य व्यवसाय हेतु.

नशा मुक्त अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम

राजगढ़ 20 मई, का. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी), भोपाल द्वारा आयोजित किया गया. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मास्टर वालंटियर्स की भूमिका, नशा मुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में प्रशिक्षण समन्वयक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय विभाग भोपाल के डॉ. अतुल कुमार रायजादा, वाल्मी से नीरज बादिल एवं श्रीमती संगीता त्रिपालिया एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति बगबैया तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे. उपस्थित अधिकारियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नशे से होने वाले बुरे प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, बिना नशे के जीवन के महत्व को बताया गया एवं इसे जमीनी स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अत्यंत उपयोगी बताया. कार्यक्रम का उद्देश्य मास्टर वालंटियर्स को सशक्त बनाकर नशा मुक्ति को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाना रहा.

आवास के लिए भटक रहे

राजगढ़ 19 मई, का. ग्राम कांसोर निवासी बबरी बाई ने बताया कि आवेदिका को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. आवेदिका कच्चे मकान में रहती है जो कि बारिश में गिर सकता हैं. आवेदिका को काफी परेशानिया हो रही हैं. कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद ब्यावरा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया.

डूब में गया मकान, नहीं मिला मुआवजा

राजगढ़ 19 मई, का. ग्राम बीरमपुरा निवासी घीसालाल ने बताया कि आवेदक का मकान ग्राम बीरमपुरा में है जो कि मोहनपुरा डेम परियोजना में डूब में चला गया हैं. आवेदक को उक्तक डूब क्षेत्र का मुआवजा नहीं मिला हैं. कलेक्टरर द्वारा एसडीएम खिलचीपुर को जांच हेतु निर्देशित किया गया.

केवल 68% किसान पहुंचे उपार्जन केंद्रों तक

गेहूं उपार्जन की तिथि बढ़ी, अब 28 तक होगी खरीदी, लेकिन जिले में बम्पर आवक के बावजूद लक्ष्य से पिछड़े

जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से गेहूं का रिकार्ड तोड़ उपार्जन अब तक 4 लाख मेट्रिक टन गेहूं खरीदी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 मई, का. सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि को बढ़ाते हुए अब 28 मई तक दिया गया है. गत वर्ष यह खरीदी 10 मई तक चली थी. इस वर्ष पंजीयन में देरी होने से तिथियां देरी से तय की गई. हालांकि इस सब के बीच कुछ पंजीकृत किसानों में से महज 68 प्रतिशत ही खरीदी केन्द्रों तक पहुंच पाए है. कृषि विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार पंजीकृत में से कुल 32 प्रतिशत किसानों उपार्जन केन्द्रों तक आना अभी तय नहीं किया है. इसके पीछे कई कारण है. इसके अलावा जिले में तय लक्ष्य से खरीदी अभी पीछे चल रही है.

बीते वर्ष से 20 प्रतिशत अधिक उपार्जन की उम्मीद में विभाग

उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा बताया गया कि जिलें में वर्ष 2026-27 उपार्जन नीति अंतर्गत समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल साथ ही म.प्र.शासन द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल पर बोनस दिये जाने पर प्रति क्विंटल 2625 रूपये प्रति क्विंटल किसानो को प्राप्त हो रहा है. अब तक कुल 99773 पंजीकृत किसानों में से 67894 किसानों द्वारा अपनी गेहूं फसल का समर्थन मूल्य पर विक्रय किया गया है. साथ ही विक्रय कुल मात्रा 397927 में .टन. उपार्जित किया गया है. उपार्जन की अंतिम तिथि शासन द्वारा 23 मई निर्धारित की गई थी जिसे अब बढाकर 28 मई कर दी गई है. जिले के किसान अपनी उपज 28 मई तक अपने समीप उपार्जन केन्द्रो पर विक्रय कर सकते है. पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 20 प्रतिशत अधिक गेहूं उपार्जन किये जाने की संभावना है. किसानों की मेहनत का सही लाभ मप्र शासन द्वारा दिया जा रहा है.

अब तक बीते वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा खरीदी हुई

बीते वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की अंतिम तारीख 5 मई थी जिसे बढ़ा दिया गया था. 5 मई तक जिले में बीते वर्ष 3 लाख 62 हजार मेट्रिक टन की खरीदी हो चुकी थी. जबकि इस बार खरीदी 3 लाख 97 हजार मेट्रिक टन हो चुकी है. बीते वर्ष तय लक्ष्य करीब 5 लाख मेट्रिक टन रखा गया है और इससे काफी पीछे रहे गए थे. इस बार भी स्थिति इसी प्रकार निर्मित हो रही है. वहीं वर्ष 2024-25 में जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर मात्र 90 हजार मेट्रिक टन गहूं की ही खरीदी हो सकी थी. उसके मुकाबले अभी तक हुई खरीदी चार गुना तो है परन्तु जिले में जो लक्ष्य तय किया गया उससे अभी भी खरीदी का लक्ष्य दूर है.

अब 28 मई तक होगी गेहूं खरीदी

देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य मध्यप्रदेश है. प्रदेश में गेहूं खरीदी का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया है, जिसकी खरीदी सरकार के माध्यम से की गई है। साथ ही, मैं गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई करने की घोषणा करता हूं.

बढ़ा चुके हैं स्लॉट बुकिंग की तिथि

खरीदी की तिथियों की तरह शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई थी. उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार तौल कांटों की संख्या भी बढ़ाई जाने के निर्देश दिए गए. किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए तैयारी की गई. प्रक्रिया को और सरल एवं सुगम बनाया गया है. साथ ही, एनआईसी के माध्यम से स्लॉट बुकिंग की तकनीकी क्षमता भी बढ़ाई गई है, जिससे स्लॉट बुकिंग में आने वाली समस्याओं का समाधान होगा.

मानसिक रूप से बीमार वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत

ब्यावरा 20 मई, का. शहर के कीलखेड़ा क्षेत्र में बुधवार सुबह एक वृद्ध का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गई. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. मृतक की पहचान दौलजी विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो मानसिक रूप से बीमार बताए जा रहे थे. जानकारी के अनुसार, कीलखेड़ा निवासी पवन विश्वकर्मा ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसके पिता दौलजी विश्वकर्मा परिवार के साथ घर पर रहते थे. मंगलवार रात सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए थे। बुधवार सुबह करीब 5 बजे उनकी नींद खुली तो पिता घर पर मौजूद थे, लेकिन करीब 6 बजे दोबारा उठने पर वे घर में नहीं मिले. इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की. करीब साढ़े 7 बजे सूचना मिली कि कीलखेड़ा जोड़ से लगभग एक किलोमीटर दूर ब्यावरा की ओर रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है. मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने कपड़ों और पैर में बंधे लाल कपड़े के आधार पर शव की पहचान दौलजी विश्वकर्मा के रूप में की. हादसे में उनकी मौत हो चुकी थी. परिजनों ने बताया कि मृतक पूर्व में भी कई बार बिना बताए घर से चले जाते थे और उनका मानसिक उपचार चल रहा था. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

प्रतीक्षालय में घुसी कार एक युवक की मौत, एक रेफर

सिलपटी के पास तेज रफ्तार कार यात्री प्रतीक्षालय में घुसी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 मई, का. नगर के करीब 10 किमी दूर सुठालिया रोड़ पर ग्राम सिलपटी के पास बुधवार सुबह के समय एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है. हादसे क शिकार तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे बने यात्री प्रतीक्षालय में जा घुसी. प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावरा निवासी शाहिद खान और अनिल अवस्थी सुठालिया से ब्यावरा लौट रहे थे.

सिलपटी के समीप चालक कार से नियंत्रण खो बैठे. असंतुलित होकर कार एक प्रतीक्षालय में जा घुसी. वहां मौजूद लोगों के अनुसार कार बहुत तेज स्पीड में थी. बताया जा रहा है कि कार डिवाइडर किनारे टकराते हुए हवा में उछलकर प्रतीक्षालय में जा घुसी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रतीक्षालय का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए. हादसे में शाहिद खान की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, अनिल अवस्थी गंभीर रूप से घायल हो गए. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल अनिल अवस्थी को कार से बाहर निकाला और तत्काल ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया.

ऑटो चलाते थे शाहिद खान

हादसे में मौत का शिकार हुए शाहिद खान ऑटो चलाते है. वे अपनी आजीविका ऑटो चलाकर करते है. दुर्घटना की खबर के बाद उनके परिवार और मिलने जुलने वालों में शोक व्याप्त हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है.

रैगिंग मुक्त कॉलेज संकल्प एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित

राजगढ़ 19 मई, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीबी खरे के निर्देशानुसार रैगिंग मुक्त कॉलेज संकल्प एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संचालन एंटी रैगिंग समिति की संयोजक प्रो. सीमा सिंह के नेतृत्व में किया गया. संपूर्ण आयोजन एंटी रैगिंग समिति द्वारा संपन्न कराया गया. अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने संकल्प पत्र भरकर महाविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त बनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. खरे ने कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन, सुरक्षा एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. रैगिंग जैसी कुप्रथा के लिए शिक्षण संस्थानों में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. नोडल अधिकारी प्रो. सिंह ने कहा कि रैगिंग विद्यार्थियों के मानसिक विकास को प्रभावित करती है, इसलिए सभी विद्यार्थियों को आपसी सम्मान एवं सहयोग की भावना के साथ अध्ययन करना चाहिए.

टायर से भरा कंटेनर खाई में गिरा, चालक घायल

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 मई, का. बुधवार को खिलचीपुर के समीप हाईवे पर एक कंटेनर खाई से नीचे गिरकर पलट गया. कंटेनर टायरों से भरा हुआ था. हादसे में चालक घायल हो गया है. उसके हाथ में गंभीर चोट आई है. बताया जा रहा है कि कंटेनर चेन्नई से सामन लेकर दिल्ली की ओर जा रहा था. उसमें एमआरएफ कंपनी के टायर भरे हुए थे. संतुलन बिगडने से कंटेनर नीचे खाई में पलट गया. दुर्घटना में कंटेनर चालक केबिन में फंस गया, जबकि उसके साथ बैठा दूसरा साथी भी घायल हो गया. दुर्घटना के दौरान वहां मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया. इसके बादजेसीबी की मदद से केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया.

बूंदी निवासी चालक गंभीर घायल- घायल चालक की पहचान राजस्थान के बूंदी निवासी विक्रम मीणा (23) के रूप में हुई है.

हादसे में उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि एक हाथ की हड्डी टूट गई. वहीं दूसरे ड्रायवर हरिश प्रजापति (25) को मामूली चोट लगी है. आरक्षक राजीव गुर्जर दोनों घायलों को पुलिस वाहन से खिलचीपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल विक्रम को रेफर कर दिया गया.

घटना के समय मौजूद हरिश प्रजापति ने बताया कि वह फर्स्ट ड्रायवर है, जबकि विक्रम सेकेंड ड्रायवर था. दोनों सोमवार को चेन्नई से कंटेनर में एमआरएफ के टायर भरकर दिल्ली के लिए निकले थे.

हरिश प्रजापति के मुताबिक, विक्रम को रास्ते में कई बार नींद की झपकी आ रही थी. उसने तीन बार कंटेनर रोककर आराम करने की बात कही, लेकिन विक्रम ने गाड़ी नहीं रोकी. हरिश कंटेनर में ही सो गया. खिलचीपुर पहुंचने के दौरान विक्रम को फिर झपकी आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया.

कांग्रेस ने स्वास्थ्य सुविधाओं और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरा

धरना प्रदर्शन के दौरान मंत्री टेटवाल पर आरोप लगाए, काफी देर तक नारेबाजी की

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 20 मई, का. जिले में रिश्वतखोरी में लोकायुक्त ट्रैप हुई सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को लेकर सियासत तेज हो गई है. कांग्रेस ने सीधे मंत्री गौतम टेटवाल पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है. आरोप लगाते हुए इंकाजनों ने कहा कि सामने आई नोटशीट में खुलासा हुआ है कि डॉ. शोभा पटेल को राजगढ़ का सीएमएचओ बनाने के लिए शासन में बैठे जिम्मेदारों ने पहल की थी और अब वे ही रिश्वत लेते हुए पकड़ाने पर भी बचा रहे है. कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जो रिश्वतखोरी स्वास्थ्य विभाग में चल रही थी, उसको सीधा सरकार और उसके प्रतिनिधियों का संरक्षण है. कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने कहा कि 17 अप्रैल को लोकायुक्त द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गई अधिकारी को तत्काल सस्पेंड तक नहीं किया गया. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सरकार एक ट्रैप अधिकारी पर इतनी मेहरबान क्यों रही? काम कैसे कर रही हे पद पे, अगर नहीं हटाया गया तों बड़ा आंदोलन होगा.

प्रदर्शन के दौरान नियम विरुद्ध बनाए गए सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा पर भी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए और पूरे स्वास्थ्य विभाग की निष्पक्ष जांच की मांग की. उन्होंने कहा की पैसे लेते हुए वीडियो है. डॉ रजनीश और अवैध वसूली की शिकायत भी फिर भी जमा है.

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा-बहनजी अब तो शर्म करो

जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने सीएमएचओ के रिश्वत मामले में ट्रैप होने और बहाल होने को लेकर जमकर नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने भी तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि बहन जी, अब जितना वक्त निकाल लिया निकाल लिया, अब तो शर्म करो. आपके बच्चे, पति और घर वाले भी क्या कहते होंगे कि तुम पकड़ी गई हो फिर भी वहीं बैठी हो. हमारे घर में ऐसी बात हो जाए तो हम सिर ऊंचा नहीं कर सकते. ऐसे निकम्मे लोगों का डर ही खत्म हो गया है.

अनदेखी कारण- संकरे अण्डरब्रिज और सर्विस रोड के बीच टर्न की पर्याप्त जगह नहीं

हैवी ट्रैफिक निकालने में नाकाम साबित हो रहे संकरे अण्डरब्रिज

ब्यावरा और पचोर में तकनीकी रूप से खामियों वाले अण्डरब्रिज के नीचे लगातार जाम लग रहे

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 मई, का. शहर के समीप से हाईवे निकला है इसलिए ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्रिज बनाए गए. लेकिन तकनीकि रूप से खामियों वाले ये अण्डरब्रिज अब शहर के लिए परेशानी का कारण बन रहे है. संकरे अण्डर ब्रिज और सर्विस रोड़ पर पर्याप्त टर्न नहीं मिलने से यहां आए दिन जाम लग रहे है. पचोर में बाजार में आने वाले बड़े ट्रक, लोड़िंग वाहन और बसों के कारण जाम लग रहे है और लगभग यही स्थिति ब्यावरा के रेल्वे स्टेशन रोड़ स्थित अण्डर ब्रिज में हो रही है. यहां आए दिन और खास तौर बड़ी बसों और ट्रेन आने के समय काफी जाम लग जाता है. बीते दिनों सुबह 11 बजे के लगभग कोटा इंदौर ट्रेन आगमन के दौरान काफी देर तक जाम लगा रहा है. वहीं पचोर में मंगलवार को दो ट्रक अण्डरब्रिज में फंस गए और काफी देर तक दोनों ओर जाम लग गया.

उल्लेखनीय है कि पचोर और ब्यावरा शहर के भीतर से गुजरने वाले हाईवे को रिहायशी ईलाकों में ओवर ब्रिज द्वारा निकाला गया है. लेकिन इसके अण्डरब्रिज की चौड़ाई पर्याप्त नहीं रखने से यहां अब ट्रैफिक बढने के बाद जाम लग रहे है. ब्यावरा में रेल्वे अण्डरब्रिज और पचोर में बस स्टेण्ड के अण्डरब्रिज में आए दिन परेशानियां सामने आ रही है.

सड़क के समांतर चौड़े अण्डरब्रिज, पार्सिंग टर्न की जगह नहीं

अण्डरब्रिज को तकनीकि रूप से भविष्य को देखते हुए नहीं बनाया गया है. यहां अण्डरब्रिज की चौड़ाई काफी कम है. यानी जो सडक इसके नीचे से गुजर रही है केवल उतना ही चौड़ाई का अण्डरब्रिज बनाया गया है. सडक पहले से संकरी है. दो भारी वाहन यदि एक साथ निकलें तो टर्न के दौरान जाम स्थिति निर्मित हो जाती है. सबसे ज्यादा परेशानी बड़ी बसों के गुजरने में होती है. चार्टर्ड अथवा वॉल्वो बसों के चालक हमेशा बसों को मोड़ते समय परेशान होते है. इसके अलावा छोटे वाहन जैसे रिक्शा, बाईक ये भी उसी समय गुजरते है तो जाम और लंब खिंच जाता है.

पचोर में अण्डर ब्रिज नहीं बनता तो ठीक था

पचोर शहर में बस स्टेण्ड के समीप अण्डरब्रिज बनाया गया है. हालांकि यह ज्यादा लंबा नहीं है. अब लगातार जाम को देखकर लोगों को कहना है कि इससे तो अण्डरब्रिज पचोर में नहीं बनता तो बढिया था. कम से कम वाहनों के टर्न के लिए जगह मिल जाती और वाहन गुजर सकते थे. यहां आए दिन जाम लग रहे है. दोनों ओर के टर्न, बस स्टेण्ड और मार्केट से आने वाले वाहन यहां हर कभी फंस जाते है. बीते दिनों एक ट्रक यहां जाम में फंस गया. दूसरी ओर से आ रही ट्रॉली के कारण वह मुड़ नहीं पाया. काफी मशक्कत के बाद वाहनों को वहां से निकाला जा सका.

नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

ब्यावरा 20 मई, का. एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा नकबजनी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किए गए 2 लाख 40 हजार रुपए जप्त किया गया. घटना बीते 16 मई की है. फरियादी मथुरा लाल पिता मानसिंह यादव उम्र 60 साल निवासी ग्राम गुराडिया खेड़ी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 15 मई की रात्रि 1.00 बजे के करीब अज्ञात व्यक्ति फरियादी के बिस्तर के नीचे रखें 2 लाख 40 हजार रुपए चोरी कर ले गया है. आरोपी की खोज करते हुए पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर राहुल बर्मा पिता भंवर लाल वर्मा निवासी गुराडिया खेड़ी से बारीकी से पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया.